**हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 03.03.2025 को अपराहन 12:30 बजे आहूत कार्य परिषद की पंद्रहवीं बैठक का कार्यवृत्त।**

हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की 03 मार्च, 2025 को सम्पन्न कार्यपरिषद की पंद्रहवीं बैठक में निम्नलिखित अधिकारीगणों /सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत एवं ऑन के माध्यम से प्रतिभाग लिया गयाः-

1. प्रो० ओंकार सिंह, कुलपति, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून। – अध्यक्ष
2. डॉ० आशीष उनियाल, कुलसचिव हे०न०ब०उ० चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून **–सदस्य सचिव**
3. प्रो०(डॉ०) आशुतोष सयाना, निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय 107 चंदर नगर देहरादून । **– (उपस्थिति–ऑन लाईन)**
4. श्री विजय कुमार, सिंह संयुक्त सचिव, वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन। **नामित अधिकारी, सचिव वित्त** **–(उपस्थिति–ऑन लाईन)**
5. श्रीमती जसविन्दर कौर, उपसचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग,उत्तराखण्ड, शासन) । **नामित अधिकारी, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा** **( उपस्थिति– ऑन लाईन)**
6. डॉ० बी०के०शुक्ला, अपर निदेशक, महानिदेशक कार्यालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड। **– सदस्य**
7. डॉ० शिखा जंगपागी, निदेशक स्वास्थ्य, गढ़वाल मण्डल पौड़ी उत्तराखण्ड।– सदस्य
8. प्रो० गीता जैन, प्राचार्या, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून **– सदस्य**
9. प्रो० अनुपमा आर्या, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून । **–सदस्य**
10. श्री मनीष कुमार उप्रेती, वित्त नियंत्रक, हे०न०ब०उ० चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून। **–विशेष आमंत्रित सदस्य**
11. प्रो० विजय जुयाल, परीक्षा नियंत्रक, हे०न०ब०उ० चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून। **–विशेष आमंत्रित सदस्य**

सर्वप्रथम कुलसचिव, हे0न0ब0उ0 चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, द्वारा समस्त सदस्यों का परिचय के साथ स्वागत करते हुए मा0 अध्यक्ष जी की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी, तदोपरान्त मा0 अध्यक्ष एवं बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा एजेण्डा बिन्दुओं के क्रमानुसार विचार–विमर्श करते हुए निम्न निर्णय लिए गये:–

| क्रसं | एजण्डा | कार्यवाही |
|---|---|---|
| 15–01 | मा0 कार्यपरिषद के नव नियुक्त सदस्यों का स्वागत एवं पूर्व के सदस्यों के सहयोग की सराहना/आभार | कुलसचिव द्वारा बैठक में उपस्थित कार्य परिषद के नये सदस्यों का स्वागत करते हुए पूर्व के सदस्यों का विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास में प्रदत्त उनके योगदान तथा सहयोग हेतु आभार प्रकट किया गया। |
| 15–02 | कार्य परिषद की दिनांक 10.08.2023 को आहुत चौदहवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टी | मा0 कार्य परिषद की दिनांक 10.08.2023 को आहुत चौदहवीं बैठक का कार्यवृत्त सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यवृत्त में लिए गये निर्णयों पर मा0 कार्यपरिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया |
| 15–03 | कार्य परिषद की दिनांक 10.08.2023 को आहुत चौदहवीं बैठक मे लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही। | मा0 कार्य परिषद की दिनांक 10.08.2023 को आहुत चौदहवीं बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुरूप की गयी कृत कार्यवाही से सदस्यो को अवगत करया गया। |
| 15.04 | वित्त समिति की दिनांकः 08.10.2024 को आहुत बैठक में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन। | वित्त नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत वित्त समिति की दिनांकः 08.10.2024 को आहुत ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।**(संलग्नक–1)** |
| 15.05 | परीक्षा समिति की दिनांक 20.02.2025 को आहुत बैठक मे लिए गये निर्णयों का अनुमोदन। | परीक्षा नियंत्रक द्वारा मा0 कार्यपरिषद के समक्ष परीक्षा समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 20.02.2025 मे लिए गये निर्णयों के कार्यवृत्त को प्रस्तुत किया गया जिसे मा0 सदस्यगणों द्वारा सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। **(संलग्नक–2)** |

| | | |
|---|---|---|
| 15.06 | शैक्षिक परिषद की दिनांकः 20.02.2025 को आहुत बैठक मे की गयी संस्तुतियों निर्णयों का अनुमोदन। | मा0 शैक्षिक परिषद की दिनांकः 20.02.2025 को आहुत सोलहवीं बैठक मे लिए गये निर्णयों के कार्यवृत्त पर मा0 कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा सर्वससम्मति से अनुमोदित किया गया **(संलग्नक–3)**। कार्य परिषद द्वारा सावतें दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों तथा मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों को परीक्षा समिति तथा शैक्षिक परिषद द्वारा अनुमोदनोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 15.07 | वित्त समिति की दिनांकः 27. 02.2025 को आहुत बैठक में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन। | वित्त समिति की दिनांकः 27.02.2025 को आहुत बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त को वित्त नियंत्रक द्वारा कार्यपरिषद के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, वित्त समिति की 27.02.2025 की बैठक के कार्यवृत्त को कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। **(संलग्नक–4)** |
| 15.08 | मा0 सदस्यगणों को विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र–2022–23 एवं 23–24 एवं 24–25 हेतु सम्बद्ध संस्थानों की सम्बद्धता हेतु गठित समिति द्वारा कराये गये निरीक्षण के उपरान्त विश्वविद्यालय संस्तुति के साथ राजभवन को प्रेषित प्रस्तावों की सूचना।कृत संस्तुति उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित पत्रावली के संबंध मे अवगत कराया गया । राजभवन स्तर पर प्रेषित पत्रावली की सूची संलग्न। | मा0 सदस्यगणों को विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र–2022–23 एवं 23–24 एवं 24–25 हेतु सम्बद्ध संस्थानों की सम्बद्धता हेतु गठित समिति द्वारा कराये गये निरीक्षण के उपरान्त विश्वविद्यालय संस्तुति के साथ राजभवन को प्रेषित प्रस्तावों की सूचना एवं कृत संस्तुति उपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित पत्रावलियों के संबंध मे अवगत कराया गया । वर्तमान में शैक्षिक सत्र–22–23 एवं 23–24 हेतु पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के 55 एवं राजकीय एवं नर्सिंग संस्थानो के समस्त पाठ्यक्रम के 37 प्रस्ताव एवं शैक्षिक सत्र–2024–25 के 04 प्रस्तावों को राजभवन एफिलेशन पोर्टल के माध्यम से राजभवन प्रेषित किया जा चुकी है । |

| | | |
|---|---|---|
| 15–09 | तीन 03 शोधार्थियों को पी0एच0डी0 की उपाधि प्रदान किया जाना। | कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि 03 शोधार्थियों का पी0एच0डी0 पूर्ण हो चुकी है। विश्वविद्यालय के सप्तम् दीक्षांत समारोह में इन शोधार्थियों को पी0एच0डी0 की उपाधि प्रदान किया जानी है।<br>मा0 कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा उक्त शोधार्थियों को पी0एच0डी0 उपाधि प्रदान किये जाने पर प्रसन्नता के साथ आपनी सहमति दी गयी। |
| 15–10 | अन्य बिन्दु मा0 कुलपति महोदय की अनुमति से। | अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 कार्यपरिषद के सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय का सप्तम् दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कराये जाने हेतु मा0 राज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2025 की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस वर्ष दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। जिस पर मा0 सदस्यों गणों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। |

**तदोपरान्त कुलसचिव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया।**

( डॉ0 आशीष उनियाल)
कुलसचिव

(प्रो0 ओंकार सिंह)
कुलपति

पत्रांकः 5061/एच०एन०बी०यू०एम०यू०/2024-25 दिनांक 05-03-2025